मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001-2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष-8, अंक-12, फरवरी, 2009

किसी भी तरह के व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाईन न०- 1800 1800 545

## कामधेनु पीवीसी पाइप्स एवं सीमेंट अब पंजाब में

कामधेनु ब्रांड के "पीवीसी पाइप्स" एवं "सुपर सीमेंट" अब पंजाब के उपभोक्ताओं के बीच उपलब्ध है। पंजाब के लुधियाना शहर के "होटल महाराजा रीजेंसी" में 28 जनवरी को आयोजित एक औपचारिक उदघाटन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कंपनी के दोनों उत्पादों को उपभोक्ताओं के बीच पेश किया गया। इस अवसर पर कामधेनु इस्पात लिमिटेड के प्रेसिडेंट, श्री पंकज अग्रवाल, वाइस प्रेसिडेंट, श्री अनिल टंडन, सीनियर जी.एम., श्री एस. बी. शर्मा, जी.एम., श्री बिनोद कुमार गहलौत, एजीएम-सीमेंट डिवीजन, श्री सुनील सिंह, भी वहाँ मौजूद थे।

कंपनी के इन उत्पादों पर अपने विचार रखते हुए प्रेसिडेंट श्री पंकज अग्रवाल ने कहा कि कामधेनु पीवीसी पाइप्स एवं कामधेनु सुपर सीमेंट ने थोड़े ही समय में जम्मू, पश्चिम बंगाल एवं महाराष्ट्र के उपभोक्ताओं के बीच खासी लोकप्रियता हासिल कर ली है। इन उत्पादों की खूबियों के बारे में जानकर पंजाब के उपभोक्ता बेसब्री से इनका इंतजार कर रहे थे। उपभोक्ताओं की उत्सुकता को देखते हुए कंपनी ने पहले तो पंजाब के बाजार का बारीकी से अध्ययन किया और इसके बाद दोनों उत्पादों को जल्द से जल्द पंजाब के बाजार में उतारने का फैसला लिया।




समारोह के दौरान कामधेनु इस्पात लिमिटेड के प्रेसिडेंट, श्री पंकज अग्रवाल, वाइस प्रेसिडेंट, श्री अनिल टंडन, जी.एम., श्री बिनोद कुमार गहलौत, एजीएम-सीमेंट डिवीजन, श्री सुनील सिंह, एवं अन्य गण्यमान्य अतिथि

वैसे तो बाजार में कई अन्य ब्रांड के पीवीसी पाइप्स मौजूद हैं मगर उपभोक्ताओं को इनपर उतना भरोसा नहीं होता। इसके विपरीत कामधेनु ब्रांड पर यहाँ के उपभोक्ता पूरा भरोसा करते हैं। यही वजह है कि कामधेनु पीवीसी पाइप्स ने इस बाजार में आने से पहले ही लोगों के दिलों में घर बनाना शुरु कर दिया था।




समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रेसिडेंट श्री पंकज अग्रवाल

कामधेनु पीवीसी पाइप्स की उत्कृष्ट गुणवत्ता के बारे में जानकारी देते हुए निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा कि इन उत्पादों को अत्याधुनिक तकनीक के जरिए तैयार किया गया है, और इन्हें गुणवत्ता के कड़े परीक्षणों से गुजारने के बाद ही उपभोक्ताओं के बीच लाया जाता है। इसलिए इसकी बेस्ट क्वालिटी पर तो कोई सवाल ही खड़ा नहीं होता। इसकी विश्वस्तरीय गुणवत्ता इसे अन्य ब्रांड के पीवीसी पाइप्स से अलग और उत्कृष्ट साबित करती है। अपनी उपयोगिताओं के आधार पर कामधेनु पीवीसी पाइप्स कई स्वरूपों में उपलब्ध है, जिनमें रिजिड पाइप्स एवं फिटिंग्स, एग्रीकल्चर पाइप्स, कास्टिंग पाइप्स, एएसटीएम पाइप्स एंड फिटिंग्स, एसडब्ल्यूआर पाइप्स एवं एचडीपीई पाइप्स प्रमुख हैं।

कामधेनु सुपर सीमेंट की विशिष्टताओं के बारे में वाइस प्रेसिडेंट, श्री अनिल टंडन ने कहा कि इसमें कई ऐसे उपयोगी तत्वों का मिश्रण है जो आपके निर्माण को फौलादी ताकत देते हैं। अत्याधुनिक तकनीक से तैयार कामधेनु सुपर सीमेंट में उच्च कोटि के लाइमस्टोन, कैल्सियम ऑक्साइड, एलुमिना, आयरन आफक्साइड, एवं सिलिका का एक निश्चित अनुपात में इस्तेमाल किया गया है, जो इसकी सुपर शक्ति का पर्याय है। साथ ही इसमें दो विशेष तत्वों "कैलकैरियस" एवं "ऑर्जिलेसियस" को मिलाया गया है, जो इसकी गुणवत्ता को विश्वस्तरीय बनाता है। कामधेनु सुपर सीमेंट में मोर्टार को कसकर जकड़ने की क्षमता है जो आपके सपनों से सुंदर निर्माण को लंबी उम्र देता है। कामधेनु सुपर सीमेंट ऑर्डिनरी पोर्टलैंड सीमेंट, पोर्टलैंड पोजोलैना, सीमेंट एवं पोर्टलैंड स्लैग सीमेंट के रूप में बाजार में उपलब्ध है, जिसके इस्तेमाल से आप अपने निर्माण के प्रति पूरी तरह निश्चिंत हो सकते हैं।

# बक्सर में कामधेनु का राजमिस्त्री सम्मेलन




समारोह के दौरान राजमिस्त्री सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए गण्यमान्य अतिथि

उच्च कोटि के कामधेनु टीएमटी बार की तकनीकी विशेषताओं से राजमिस्त्रियों एवं बार बाइंडरों को अवगत कराने के लिए बिहार के बक्सर जिले में कामधेनु इस्पात लिमिटेड द्वारा 4 जनवरी को एक राजमिस्त्री सम्मेलन आयोजित किया गया। समारोह का आयोजन बक्सर के पुराना भोजपुर में स्थित कामधेनु के डीलर मेसर्स कृष्ण कुमार केसरी के परिसर में हुआ, जहाँ आस–पास के क्षेत्रों से आए 60 से ज्यादा राजमिस्त्रियों एवं बार बाइंडरों ने हिस्सा लिया।



इस अवसर पर श्री कुमार गौरव ने कामधेनु ब्रांड के उत्पादों और इनके फायदों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कामधेनु ब्रांड का हर उत्पाद एक दूसरे से बढ़कर है। जो कोई भी कामधेनु ब्रांड के उत्पादों का इस्तेमाल करता है, उसे अपने निर्माण के प्रति किसी तरह की फिक्र करने की जरूरत ही नहीं रहती।

कामधेनु ब्रांड के टीएमटी बार विश्वस्तरीय तकनीक से तैयार किए गए है, जो हर तरह की प्राकृतिक आपदा को सहने की अद्भुत क्षमता रखते हैं। श्री कृष्ण कुमार केसरी ने कंपनी के प्रति अपना पूरा भरोसा जताते हुए कहा कि कामधेनु इस्पात लिमिटेड देश की एक प्रतिष्ठित कंपनी है जो अपने उपभोक्ताओं का पूरा ध्यान रखती है। कामधेनु ब्रांड के उत्पाद अपनी विश्वसनीयता की वजह से जाने जाते हैं। कंपनी पर उपभोक्ताओं का भरोसा इस कदर कायम है कि वे कामधेनु ब्रांड के किसी भी उत्पाद को पूरे विश्वास के साथ अपनाते हैं। यही वजह कि कंपनी ने थोड़े ही समय में अपनी विशिष्ट पहचान कायम कर ली है, और अब इसकी ख्याति देश की सीमाओं के बाहर भी जा पहुँची है। ऐसे में कामधेनु के साथ चलना भला किसे नहीं भाएगा। इस

# बुनियादी क्षेत्र को बजट का तोहफा



श्री प्रणव मुखर्जी

मौजूदा यूपीए सरकार की आखिरी बजट ने मंदी के इस दौर में निर्माण क्षेत्र के लिए एक तोहफा दिया है। 16 फरवरी को कार्यवाहक वित्तमंत्री के रूप में श्री प्रणव मुखर्जी द्वारा संसद में पेश इस अंतरिम बजट से उद्योग जगत को उम्मीदें तो बहुत थीं, मगर आगामी लोकसभा चुनाव में बाजी अपने हाथ करने की फिक्र में उन्होंने लोकलुभावन बजट पेश करने में ज्यादा दिलचस्पी दिखायी। इसी का नतीजा है कि औद्योगिक जगत ने इस अंतरिम बजट को नॉन इवेंट करार दिया है। बुनियादी क्षेत्र में जरूर थोड़ी सी खुशी लौटी है, क्योंकि कार्यवाहक वित्त मंत्री ने भारत निर्माण योजना के तहत 40,900 करोड़ रुपए उपलब्ध कराए हैं, जो पिछले साल के मुकाबले 10,000 करोड़ अधिक है। औद्योगिक जगत के जानकारों का मानना है कि इसका फायदा स्टील एवं सीमेंट क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों को मिल सकता है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के लिए आवंटित इस राशि का फायदा तभी मिल पाएगा जब योजनाएं सही समय पर सही तरीके से पूरी हों।

पिछले कई महीनों से सरकार ने सस्ते स्टील का आयात कर घरेलू बाजार की माँग को पूरी करने की पहल की है। हालांकि दुनिया भर में छाई आर्थिक मंदी के प्रभाव से भारत को उतना नुकसान नहीं हुआ है, जितना पश्चिमी देशों को हुआ। मगर रियल एस्टेट से जुड़ी कंपनियों को इसका भारी खामियाजा भुगतना पड़ा है। क्योंकि एक ओर तो कीमतें तेजी से घटी हैं और दूसरी ओर खरीदार भी कम हो गए हैं। ऐसे में रियल एस्टेट क्षेत्र बजट से राहत पैकेज की उम्मीद लगाए बैठा था, जिसके नहीं मिलने से इस क्षेत्र में निराशा का माहौल है।

दरअसल, भारत निर्माण योजना के तहत आबंटित राशि का फायदा भी केवल उन्हीं कंपनियों को मिल पाएगा, जो टीएमटी बार या स्ट्रक्चरल स्टील उत्पादन से जुड़ी हैं। जहाँ तक सीमेंट क्षेत्र की संभावनाओं का सवाल है तो बीते कुछ महीनों में सीमेंट क्षेत्र की मांग में खासी बढ़त देखी गयी है, जो आनेवाले समय में और तेज हो सकती। इस उम्मीद पर कई बड़ी सीमेंट कंपनियाँ अपने कारोबार का विस्तार करने में जुटी हैं। ऐसे में अंतरिम बजट का यह तोहफा इंडस्ट्री में नयी जान फूँक सकता है। इस

# पार्श्वनाथ को मिला कामधेनु का साथ

कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ाने एवं उत्पादों की उपलब्धता को सुलभ बनाने के मकसद से अपने साथ नए साथियों को जोड़ने में एक कदम और आगे बढ़ाया है। कंपनी ने पार्श्वनाथ वेड वायर्स लिमिटेड के साथ समझौता किया है। इस नयी पहल पर कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने इसे कंपनी के लिए एक दूरदर्शी कदम बताया। पार्श्वनाथ वेल्ड वायर्स लिमिटेड के निदेशक श्री [illegible] जैन के साथ श्री अग्रवाल जब नागपुर के बुटीबोरी में स्थित इसके उत्पादन संयंत्र पर पहुँचे तो उन्होंने सभी कर्मचारियों को कामधेनु के साथ जुड़ने पर शुभकामनाएं दी। इस समझौते के साथ ही पार्श्वनाथ वेल्ड वायर्स लिमिटेड ने कामधेनु ब्रांड के 18 गेज एवं 20 गेज के वायरबांड के उत्पादन का काम शुरु कर दिया है।



बुटीबोरी संयत्र में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, श्री भास्कर चौधरी, जी. एम.–मार्केटिंग, पार्श्वनाथ वेल्ड वायर्स लिमिटेड के निदेशक श्री [illegible]त जैन

वायरबांड ब्रांड की अन्य संयंत्रों की तरह यह संयंत्र भी अत्याधुनिक गुणवत्ता की मशीनरी से युक्त है, और साथ ही उत्पादों के गुणवत्ता परीक्षण के लिए तकनीकी विशेषज्ञों की टीम भी मौजूद है। आईएसओ 9001 2000 से प्रमाणित कामधेनु वायरबांड ने अपनी विश्वसनीयता का जो प्रतिमान कायम किया है,



बुटीबोरी संयंत्र का अवलोकन करते हुए कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, श्री भास्कर चौधरी, जी. एम.–मार्केटिंग, सुश्री शिविका मलिक एवं अन्य

यह संयंत्र इस पैमाने पर पूरी तरह फिट बैठता है। उच्च कोटि की मशीनरी एवं समर्पित कर्मचारियों की बदौलत कामधेनु वायरबांड ने सदैव अपनी उपयोगिता का लोहा मनवाया है। कामधेनु वायरबांड की दृढ़ता एवं लचक न केवल इसकी उपयोगिता को बढ़ाती है बल्कि यह उपभोक्ताओं के लिए किफायती भी साबित होता है। कामधेनु वायरबांड को कुछ इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह मेटल एवं कंक्रीट पर एक समान प्रभाव जमाने में सक्षम है। बाजार में मौजूद अन्य वायरबांड की तुलना में कामधेनु वायरबांड लंबी उम्र तक अपनी दृढ़ता कायम रखती है, जिससे आपका निर्माण हर तरह के बाहरी आघातों से पूरी तरह सुरक्षित रहता है।

कामधेनु की नयी सहयोगी कंपनी पार्श्वनाथ वेल्डवायर्स लिमिटेड न केवल कामधेनु वायरबांड के उत्पादन की जिम्मेदारी संभालेगी बल्कि इसकी जिम्मेदारी कामधेनु वायरबांड को उपभोक्ताओं तक सुविधाजनक तरीके से पहुँचाने की भी होगी। इस संयंत्र के मध्य भारत में मौजूद होने की वजह से आस–पास के कई प्रदेशों में कामधेनु वायरबांड की मांग को यहाँ से पूरा किया जा सकेगा। इस तरह पार्श्वनाथ का साथ कामधेनु के लिए एक दूरगामी विकासोन्मुख कदम साबित होगा।

इस

# पंजाब में कामधेनु उपभोक्ता जागरुकता कार्यक्रम



बाये से श्री सन्नी गोयल (डीलर), श्री दीपक सिंह, वरिष्ठ प्रबन्धक–तकनीकी, श्री राजीव माथुर, श्री दिनेश राठी (डिस्ट्रीब्यूटर), श्री बिनोद गहलौत, महाप्रबन्धक, श्री रोहित कुमार गुप्ता, श्री विकास गोयल

कामधेनु इस्पात लिमिटेड की ओर से उपभोक्ताओं को अपने उत्पादों की विस्तृत जानकारी देने के लिए आयोजित किया जाने वाला उपभोक्ता जागरुकता कार्यक्रम (सी.ए.पी.) इस बार पंजाब के मोगा जिले में मैसर्स श्री गोयल आयरन स्टोर (मोगा) में 31 जनवरी को आयोजित किया गया जिसमें लगभग 450 लोहार भाइयों एवं वास्तुकारों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर कामधेनु के महाप्रबन्धक श्री बिनोद कुमार गहलौत, श्री राजीव माथुर, श्री दीपक सिंह एवं डिस्ट्रीब्यूटर दिनेश राठी, स्थानीय डीलर श्री सुभाष गोयल उपस्थित थे। इन सभी ने कामधेनु उत्पादो के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर महाप्रबन्धक, श्री बिनोद कुमार गहलौत ने कम्पनी के उत्पादो की विशेषताओं के बारे में सबको जानकारी देते हुए कहा कि कम्पनी के सभी उत्पाद उपभोक्ताओं की कसोटी पर पूरी तरह फिट बैठते है और यही वजह है कि उपभोकता कामधेनु इस्पात लिमिटेड के उत्पादो पर पूरा भरोसा करते है।

इतना ही नहीं कामधेनु इस्पात लिमिटेड के उत्पाद आसानी से हर जगह उपलब्ध है क्योंकि कम्पनी का हर उत्पाद इसके डिस्ट्रीब्यूटर एवं डीलर के जरिए उपभोक्ताओं तक पँहुचता है। यही वजह है कि राज मिस्त्री और बिल्डर इन उत्पादो का इस्तेमाल कर सुदृढ़ निर्माण के प्रति पुरी तरह निश्चित रहते है।

इस

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2009-2011


# चंडीगढ़ में कामधेनु पेंट का नया डिपो


समारोह को सम्बोधित करते हुए निदेशक श्री सचिन अग्रवाल

कामधेनु पेंट (**कलर ड्रीम्ज**) के उत्पादों को चंडीगढ़ सहित पंजाब, हरियाणा एवं हिमाचल प्रदेश के उपभोक्ताओं के बीच सुविधाजनक रूप से पहुँचाने के लिए कंपनी ने चंडीगढ़ में अपना नया सेल्स डिपो खोल दिया है। इस डिपो के जरिए न केवल यहाँ के उपभोक्ताओं की माँग को समय पर पूरा किया जा सकेगा बल्कि बाजार की प्रतिस्पर्धा के बीच कंपनी की बेहतर सेवा का दावा भी मजबूत होगा।

कामधेनु पेंट के इस नए डिपो का उदघाटन समारोह चंडीगढ़ के "होटल पर्ल" में 1 फरवरी को आयोजित किया गया जिसमें कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सचिन अग्रवाल के साथ–साथ श्री राजकुमार श्रीवास्तव (सीडब्ल्यूएम), श्री सुब्रोतो उपाध्याय (डीजीएम), श्री विनीत अग्रवाल (जीएम–एकाउंटस ), श्री अरविंद कपूर (डीएसएम–पंजाब), श्री राकेश मिसरी (जीएम– स्टील्स डिवीजन), श्री मनोज विज (एएसएम, चंडीगढ), श्री सुरेश (एएम, चंडीगढ), श्री भजनलाल (सी एण्ड एफ – लुधियाना), श्री लवजीत सिंह एवं श्री प्रदीप शर्मा भी मौजूद थे। चंड़ीगढ़ पेंट एसोसिएशन के प्रेसिडेंट ने भी संगठन के अन्य सदस्यों के साथ समारोह में हिस्सा लिया। कामधेनु इस्पात लिमिटेड के हिमाचल प्रदेश के डिस्ट्रीब्यूटर श्री मोहन अग्रवाल सहित चंडीगढ़ एवं इसके आस–पास के क्षेत्रों, मोहाली, पंचकुला आदि के डीलरों ने भी इस आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह में आए अतिथियों ने **"कलर ड्रीम्ज"** सहित कामधेनु ब्रांड के अन्य उत्पादों के बारे में विस्तार से जाना और साथ आकर्षक नृत्य, धमाकेदार संगीत एवं लजीज डिनर का भरपूर लुत्फ उठाया।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सचिन अग्रवाल ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि चंडीगढ में इस डिपो के खुलने से पंजाब, हरियाणा एवं हिमाचल प्रदेश के उपभोक्ता **"कलर ड्रीम्ज"** के उत्पादों को आसानी से अपना सकेंगे, जिससे कंपनी के साथ–साथ हमारे डीलर एवं डिस्ट्रीब्यूटर बंधुओं को भी फायदा होगा। हमारा प्रयास है कि कामधेनु ब्रांड के अन्य उत्पादों की तरह कामधेनु पेंट की पहुँच भी देश के हर उपभोक्ता तक हो जाए। इसके लिए हम शीघ्र ही देश के प्रमुख शहरों में कामधेनु पेंट के सेल्स डिपो खोलने जा रहे हैं।

कामधेनु पेंट के सीडब्ल्यूएम श्री राजकुमार श्रीवास्तव ने कहा कि कामधेनु ब्रांड के उत्पादों की विश्वसनीयता इसे अपनी श्रेणी के अन्य उत्पादों से अलग बनाती है। यही वजह है कि कामधेनु पेंट ने थोड़े ही दिनों में उपभोक्ताओं का दिल जीत लिया है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि **"कलर ड्रीम्ज"** के अन्तर्गत उपभोक्ताओं की पसंद एवं जरूरत का हर रंग मौजूद है। किफायती दरों में एक विश्वसनीय उत्पाद को उपभोक्ताओं के बीच लेकर आने से कंपनी की साख बढ़ी है ।

कामधेनु पेंट के डीजीएम श्री सुब्रोतो उपाध्याय ने **"कलर ड्रीम्ज"** श्रेणी के उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इसमें प्रीमियम रेंज के एक्सटीरियर एवं इंटीरियर इमल्शन के साथ–साथ वाटर बेस्ड प्राइमर, एक्रिलिक डिस्टेंपर, एल्यूमीनियम पेंट्स, टेक्सचर्ड एवं डिजाइनर फिनिशेश, सिंथेटिक एवं जीपी एनामेल जैसे कई उपयोगी उत्पाद शामिल हैं, जो न केवल आपके निर्माण को मॉडर्न लुक दे सकते हैं बल्कि आपके स्टेटस को भी बढ़ाने में सक्षम हैं। **"कलर ड्रीम्ज"** श्रेणी के उत्पाद क्वालिटी एवं स्टैंडर्ड के पैमाने पर अपनी अलग छाप छोड़ते हैं, जो दूर से ही नजर आता है। मौसम के बदलाव को लंबे समय तक सहने की अदभुत क्षमता से युक्त कामधेनु पेंट के आकर्षक रंगों में वह जादू है जो दुश्मन को दोस्त बना सकता है।


समारोह के दौरान कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सचिन अग्रवाल के साथ–साथ श्री राजकुमार श्रीवास्तव (सीडब्ल्यूएम), श्री सुब्रोतो उपाध्याय (डीजीएम), श्री विनीत अग्रवाल (जीएम–एकाउंटस ), श्री अरविंद कपूर (डीएसएम–पंजाब), श्री राकेश मिसरी (जीएम– स्टील्स डिवीजन), श्री मनोज विज (एएसएम, चंडीगढ), श्री सुरेश (एएम, चंडीगढ), श्री भजनलाल (सी एण्ड एफ – लुधियाना), श्री लवजीत सिंह, श्री प्रदीप शर्मा एवं अन्य

बेस्ट सपोर्टिंग डीलर आफ द मंथ

श्री वेद प्रकाश / श्री संजीव कुमार
मेसर्स अमीन चंद संजीव कुमार एंड कम्पनी
दसुआ रोड, जिला:– होशियारपुर, हरियाणा
मोबाइल :– 9876550060

पेन्ट्स
श्री विशाल भाटिया
मेसर्स डी.के. भाटिया एंड सन्स
49, गुरु नानक नगर, दिल्ली रोड
मेरठ सिटी, उत्तर प्रदेश (यूपी)
मोबाइल :– 9837282082

Printed at Tara Art Printers Pvt. Ltd., A-46/47, Sector-5, Noida, UP

Owned by KIL, L-311, Street No.-7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. +91 11 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011-22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com